52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 06.2°c | अधिकतम 22.2 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

अमृतवाणी

समस्त दुखों की जड़ केवल लगाव है, यदि उद्देश्य नेक न हो तो ज्ञान बुराई बन जाता है।

प्रियंका का भाषण मैंने सुना यह मेरे भाषण से बेहतर था : राहुल गांधी

सूर्योदय : 7:05 सूर्यास्त-5:22 | वर्ष : 52/ अंक : 345 | शनिवार, 14 दिसम्बर 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

खड़गे भी यही कह रहे हैं... वाड्रा भी... सोनिया भी....

दो मासूम बेटियों के साथ एक ही रस्सी पर झूल गयी मां

मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर (बु.)। कभी-कभी कुछ घटनाएं दिल-दिमाग को झकझोरकर रख देती हैं, ऐसी ही एक घटना मुजफ्फरनगर के शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव खांजापुर में हुई, जहां दिन निकलते ही क्षेत्र के लोगों ने देखा कि एक मां अपने दो बच्चों के साथ एक ही रस्सी से फांसी के फंदे पर लटकी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार मुरादाबाद जनपद के चंदौसी निवासी रुकमणि का विवाह गांव पीनना निवासी अंकुश के साथ वर्ष 2016 में हुआ था। पिछले कुछ समय से अंकुश शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव खांजापुर में मकान लेकर रह रहा था, जहां अंकुश की मां ओमबीरी भी साथ रहती थी। अंकुश भोपा रोड स्थित एक पेपर मिल में काम करता है, और उसकी मां एक कपड़े की दुकान पर कार्य करती है। कल गुरूवार को अलग-अलग समय पर जब दोनों वापस अपने घर लौटे और घर का दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई आवाज नहीं आई और घर का दरवाजा न खुलने के कारण मां पड़ोसी तनु के घर जाकर सो गई। उसके बाद अंकुश रात्रि में 9 बजे घर पहुंचा तो वह भी इसी प्रकार दरवाजा खटखटाने के बाद पड़ोसी के घर जाकर सो गया। शुक्रवार की सुबह फिर से पति अंकुश ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया तो तब भी दरवाजा नहीं खुला। उसके बाद अंकुश ने खिड़की से झांककर देखा तो उसकी पत्नी रुकमणि व दोनों बेटियां मिट्ठी उर्फ नायरा व तीन साल की बेटी पीहू एक ही रस्सी से फंदे पर लटके हुए थे, जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी तो पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी हासिल करने की कोशिश की। फिलहाल पुलिस ने आसपास के लोगों से जानकारी हासिल की है कि परिवार में कोई विवाद चल रहा था। दोनों मासूमों और रुकमणि को फंदे से उतारने के बाद पुलिस ने उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी सिटी सत्य नारायण प्रजापति पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। उनका कहना है कि जल्द ही मामले की जांच कर सत्यता का खुलासा किया जायेगा।

तीन जानों को एक साथ रस्सी पर झूलता देख सिहर गए लोग

मुजफ्फरनगर। कुछ हृदय विदारक घटनाएं देखकर वास्तव में आम आदमी सिहर जाता है। शुक्रवार को सुबह खांजापुर में दो मासूमों व एक महिला को एक साथ रस्सी पर झूलता देख आम लोगों के साथ ऐसा ही हुआ। जिसने भी इस दृश्य को देखा तो तौबा बोलते हुए यही कहा कि आखिर ऐसा क्या हुआ होगा कि मां ने खुद को फांसी लगाने के साथ-साथ अपने साथ अपने बच्चों के साथ जीवन लीला समाप्त कर ली। आमजन में चर्चाएं तो तरह-तरह की व्याप्त हैं, मगर लोग इस बात को देखकर हैरान हैं कि कैसे तीन जानें एक साथ जा सकती हैं। ऐसा कौन सा बड़ा विवाद परिवार में हुआ होगा।



बहन ने दी जानकारी, चल रहा था घरेलू विवाद

मुजफ्फरनगर। रुकमणी की मौत की खबर जैसे ही उसकी बहन सीमा निवासी तुगलकपुर, थाना पुरकाजी को लगी तो वह मौके पर पहुंची। सीमा का आरोप है कि शादी के बाद उसका पति उसकी बहन रुकमणी के साथ मारपीट करता था तथा दो दिन से उनमें विवाद भी चल रहा था, जिसकी पूरी जानकारी रुकमणी ने बहन सीमा को फोन पर दी थी, लेकिन शुक्रवार को जब सीमा ने रुकमणी से बात करने का प्रयास किया तो उसका फोन नहीं उठा।

जीएसटी टीम पर हमले में नहीं, बिजली चोरी के मुकदमे में मिली शाहनवाज को जमानत

मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर (बु.)। शुक्रवार को पूर्व विधायक शाहनवाज राणा को जब जमानत मिली तो एक बार के लिए चर्चा यह चल पड़ी कि उन्हें जीएसटी हमले के मामले में जमानत दी गयी है, मगर यह जमानत उन्हें जीएसटी से जुड़े किसी मामले में नहीं मिली, बल्कि बिजली चोरी के मुकदमे में एडीजे-4 से जमानत मिली है। इस मामले में पूर्व विधायक को कड़ी सुरक्षा के बीच कारागार से कोर्ट में पेश किया गया। आपको बता दें कि जीएसटी टीम पर हमले के मामले में पूर्व विधायक शाहनवाज राणा की सुनवाई की तारीख पहले से ही 16 दिसम्बर नियत की गयी है। शुक्रवार को जिस मामले में शाहनवाज को जमानत मिली है, वह 14 साल पुराना बिजली चोरी का मामला है। इस मामले में भी पुलिस ने उन्हें 27 नवम्बर को गिरफ्तार किया था, मगर मेडिकल होने के बाद हाथोंहाथ उनकी जमानत स्वीकार कर ली गयी थी। शुक्रवार को इस मामले में जमानत स्वीकार किये जाने के बाद उन्हें वापस भारी सुरक्षा के बीच कारागार भेज दिया गया।

पूर्व सांसद कादिर राणा की दोनों बेटियों की अंतरिम जमानत कोर्ट ने की स्वीकार

मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर (बु.)। जीएसटी टीम पर हमले के मामले में पूर्व सांसद कादिर राणा की दोनों बेटियों की अंतरिम जमानत कोर्ट द्वारा स्वीकार कर ली गयी। नियमित जमानत के लिए तिथि 16 दिसम्बर नियत की गयी है। पूर्व सांसद की दोनों बेटियों ने शुक्रवार को सीजेएम कोर्ट में सरेंडर कर दिया। आपको बता दें कि 5 दिसम्बर को जीएसटी टीम पर हमले के दौरान कादिर राणा की दोनों बेटियां सादिया व शारिया राणा, राणा स्टील में पहुंच गयी थी और शाहनवाज, सद्दाम, कादिर राणा सहित उक्त दोनों बेटियों ने भी जीएसटी टीम से अभद्रता की थी। इसी के चलते उनके विरुद्ध गिरफ्तारी के वारंट जारी कर दिये गए थे। इसके बाद एकाएक शुक्रवार को सादिया व शारिया दोनों ने कोर्ट में सरेंडर किया जहां अधिवक्ता नकली सिंह त्यागी व कुंवर पाल सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला जज ने मामले की सुनवाई एडीजे प्रथम गोपाल उपाध्याय की कोर्ट में स्थानान्तरित कर दी है। एडीजे प्रथम ने पूर्व सांसद की दोनों बेटियों को पुलिस द्वारा लगाई गयी सभी धाराओं में अंतरिम जमानत दे दी तथा नियमित जमानत की तिथि 16 दिसम्बर तय की।

कादिर राणा के पुत्र शाह मौहम्मद राणा की जमानत खारिज

मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर (बु.)। जीएसटी टीम पर हमले के मामले में पूर्व सांसद कादिर राणा के पुत्र शाह मौहम्मद राणा को शुक्रवार को मेरठ जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच बी-वारंट पर सीजेएम कोर्ट में लाकर पेश किया गया। थाना सिविल लाइन पुलिस ने हमले के आरोप में शाह मौहम्मद के खिलाफ कोर्ट से वारंट प्राप्त किया, मगर कोर्ट ने उसकी जमानत खारिज कर दी, जिसके बाद शाह मौहम्मद को वापस मेरठ जेल भिजवा दिया गया। आपको बता दें कि 5 दिसम्बर को छापामारी के दौरान पूर्व सांसद के पुत्र शाह मौहम्मद राणा पर कागजात लेकर फरार होने की कोशिश का आरोप लगा था मगर जीएसटी टीम ने शाह मौहम्मद को मौके से ही पकड़ लिया था। इसके बाद शाह मौहम्मद व उसके कर्मचारियों ने टीम पर हमला कर दिया था। जिसके बाद जीएसटी टीम उन्हें पूछताछ के लिए मेरठ अपने साथ ले गयी थी। वहां से उन्हें पूछताछ के बाद जेल भेजा गया। शुक्रवार को थाना सिविल लाइन पुलिस ने जीएसटी टीम पर हमले के मामले में बी-वारंट पर शाह मौहम्मद राणा को सीजेएम कोर्ट में पेश कर वारंट बनवाया, जहां जमानत का प्रार्थना पत्र देने के बाद उनकी जमानत खारिज कर उन्हें वापस जेल भेज दिया गया।

'आरबीआई' को बम से उड़ाने की धमकी, रूसी भाषा में मिला ई-मेल

मुंबई, 13 दिसंबर (वार्ता) भारतीय रिजर्व बैंक को रूसी भाषा में ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद मुंबई पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है और सभी सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। अधिकारी ने शुक्रवार को यहां बताया कि किसी भी संभावित खतरे को कम करने के लिए आरबीआई कार्यालयों और उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई हैं। रूसी भाषा में लिखा यह मेल गुरुवार अपराह्न आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर भेजा गया था। गौरतलब है कि एक महीने से भी कम समय में यह इस तरह की दूसरी घटना है। इससे पहले 16 नवंबर को आरबीआई के कस्टमर केयर नंबर के जरिए बम की धमकी दी गई थी। उस मामले में, कॉल करने वाले ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकवादी समूह 'लश्कर-ए-तैयबा का मुख्य कार्यकारी अधिकारी होने का दावा किया था। उस समय धमकी जारी करने से पहले कॉल करने वाले ने कथित तौर पर एक गाना भी गाया था। इस सिलसिले में मुंबई पुलिस ने माता रमाबाई अंबेडकर (एमआरए) मार्ग थाने में अज्ञात प्रेषक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

दिल्ली के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली

नयी दिल्ली, 13 दिसंबर (वार्ता) दिल्ली के छह स्कूलों को शुक्रवार सुबह ईमेल के जरिये बम से उड़ाने की धमकी मिली। अधिकारियों को सूचित किए जाने के तुरंत बाद स्कूलों में मौजूद छात्रों को घर भेज दिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा, ''बम का पता लगाने वाली टीम और अग्निशमन अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंच गये।'' उन्होंने बताया कि पश्चिम विहार में भटनागर इंटरनेशनल स्कूल, श्रीनिवासपुरी के कैम्ब्रिज स्कूल, अमर कॉलोनी स्थित डीपीएस, डिफेंस कॉलोनी केसाउथ दिल्ली पब्लिक स्कूल, एसजे एन्क्लेव डीपीएस और रोहिणी स्थित वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल को सुबह 4:30 से 8:30 बजे के बीच धमकियां मिलीं। गौरतलब है कि एक सप्ताह के भीतर यह स्कूलों में बम की धमकी से संबंधित दूसरी घटना है। सप्ताह की शुरुआत में भी राष्ट्रीय राजधानी के कुछ स्कूलों को भी ईमेल के जरिये बम की धमकी मिली थी।

पूरी कहानी में झोल ही झोल, भला दरवाजा न खुलने पर कोई दूसरों के घर भी सोता है?

मुजफ्फरनगर। जिस प्रकार मृतका रुकमणि के पति अंकुश ने पुलिस को कहानी बताई, फिलहाल पुलिस ने बताई हुई कहानी को स्वीकार भी कर लिया है मगर यह कहानी किसी के गले उतरती दिखाई नहीं पड़ रही है। पहली बात यही झूठ दिखाई पड़ रही है कि शाम को 6 बजे रुकमणी की सास ओमबीरी अपने काम से वापस आई और दरवाजा खटखटाकर पड़ोस में सोने चली गयी। इसी क्रम में स्वयं अंकुश के बयान भी यही हैं कि वह भी रात को 9 बजे काम से वापस लौटा, दरवाजा खटखटाया और दरवाजा न खुलने पर पड़ोस में जाकर सो गया। भला आधुनिक युग में ऐसा भी कहीं होता है कि घर का दरवाजा न खुले और परिवार के दो लोग अलग अलग समय में दूसरे के घर जाकर चैन से सो जाएं। फिलहाल तो बेशक पुलिस ने मृतका रुकमणी के पति व उसकी सास की बात मान ली, हो मगर कहानी तो कुछ और ही निकलकर आएगी। या तो मृतका व दोनों बच्चों की हत्या करने के बाद यह सब नाटक रचा गया हो। मामला किसी और तरीके से दब गया तो बात अलग है, मगर फिलहाल तो ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जैसे मृतका रुकमणी व दोनों बच्चों की हत्या करके शवों को रस्सी से लटका दिया गया हो।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 14 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1687: ईस्ट इंडिया कंपनी ने मद्रास (भारत) में नगर निगम बनाया। 1911: रोआल्ड एमंडसन ने दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखा। इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वह पहले व्यक्ति बने। 1918: बी के एस आयंगर का जन्म। कर्नाटक के बेल्लूर में जन्मे आयंगर को देश का पहला योग गुरू होने का गौरव हासिल है। 1921: एनी बेसेंट को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय ने 'डॉक्टर ऑफ लेटर्स' की उपाधि दी। 1922: यूनाइटेड किंगडम में आम चुनाव। 1924: हिंदी सिनेमा के पहले शोमैन राजकपूर का जन्म। 1930 के दशक में बॉम्बे टॉकीज में क्लैप ब्वॉय बने राजकपूर ने पृथ्वी थियेटर से अपने अभिनय जीवन की शुरूआत की और अभिनय के अलावा फिल्म निर्माण और निर्देशन में भी खूब नाम कमाया। 1972: अमेरिका द्वारा चंद्रमा पर भेजा गया मानवयुक्त अंतरिक्ष यान अपोलो 17, वापस लौटा और इसी के साथ चंद्रमा के अन्वेषण का अमेरिका का अभियान समाप्त हो गया। 1982: ब्रिटिश उपनिवेश जिब्राल्टर एवं स्पेन के बीच स्थित विशाल ग्रीन गेट 13 वर्षों के बाद पुनः खोला गया। 1983: जनरल हुसैन मोहम्मद इरशाद ने खुद को बांग्लादेश का राष्ट्रपति घोषित किया। 1995: बोस्निया, सर्बिया और क्रोएशिया के नेताओं ने पेरिस में डेटन संधि पर हस्ताक्षर करके साढ़े तीन साल से जारी बाल्कन युद्ध को समाप्त किया था। 1997: ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में कटौती के लिए विश्व के सभी देश सहमत। 1998: 23वें काहिरा अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में तमिल फिल्म ह्यटेररिस्टह्न में सर्वश्रेष्ठ भूमिका के लिए आयशा धारकर को ज्यूरी का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्रदान किया गया। 2000: जॉर्ज वॉकर बुश अमेरिका के 43 वें राष्ट्रपति निर्वाचित। 2002: पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर नेत्रहीनों का विश्वकप जीता। 2003: अमेरिकी गठबंधन सैनिकों ने इराक के पूर्व राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को तिकरित में गिरफ्तार किया। 2003: मैक्सिको के मेरिदा में पहले भ्रष्टाचार निरोधक समझौते पर 73 देशों ने हस्ताक्षर किए। 2007: बाली समझौते के प्रारूप से विवादित प्रावधान अलग किए गए।

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर, (बु.)। गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- ढैया 1400, रसकट ढैया 1180-1200, चाकू 1300-1495, लड्डू 1400-1500, खुरपापाड़ 1290-1310, शक्कर मसाला 1490-1511। आमद- 7000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	79300	चांदी-	91700
सिक्का-	10500	गिन्नी-	59305

आपका आज का राशिफल

शनिवार, 14 दिसम्बर, 2024

मेष- इच्छानुकूल घटनाएँ घटित, आत्मविश्वास से कुछेक कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, व्यापार में धननिवेश, व्यक्तिगत कार्यक्षमता में वृद्धि, प्रसन्नता।

वृषभ- किसी के माध्यम से कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, व्यक्तित्व का विकास, मेल मिलाप में अभिरुचि, आपसी वैमनस्यता में कमी, यात्रा का सुयोग।

मिथुन- भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, संकल्प-विकल्प से कार्यों की सफलता में सन्देह, कर्ज की अधिकता से परेशानी, निजी प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित।

कर्क- ग्रहयोग बेहतर, योजना साकार होने की ओर, परिवार में हर्ष का वातावरण, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता।

सिंह- महत्वपूर्ण कार्य प्रगति पर, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, सुसंदेश की प्राप्ति, भौतिक सुख सुविधा के निमित्त व्यय, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग।

कन्या- भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, उच्चाधिकारियों से अपेक्षित सहयोग, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, शत्रु पराभूत, विवादास्पद मसला हल।

तुला- समय आशा के विपरीत, व्यावसायिक हानि, कर्ज की अधिकता से परेशानी, समस्याओं से उलझनें, अधीनस्थ सहयोगियों से तनाव, यात्रा निष्फल।

वृश्चिक- अधूरी या नवयोजना पर कार्यारम्भ, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आमोद-प्रमोद के साधन उपलब्ध।

धनु- शारीरिक सुख, पुरातन विवाद का समापन, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि, घरेलू वातावरण सुखद, हर्ष भी।

मकर- भाग्योन्नति का मार्ग प्रशस्त, समस्याओं का निराकरण संभव, धनागम का सुअवसर, परोपकार की भावना जागृत, संत समागम, यात्रा का प्रसंग।

कुम्भ- पारिवारिक दायित्व की पूर्ति में बाधा, कर्ज की अधिकता से परेशानी, वाद-विवाद से मानसिक अशांति, प्रियजनों से विश्वासघात की आशंका, लाभ अवरुद्ध।

मीन- बुद्धि चातुर्य से कार्य बनने की ओर, जनसम्पर्क का सुयोग, पत्नी का स्वास्थ्य सुधार पर, आमोद-प्रमोद के साधन उपलब्ध, वैमनस्यता में कमी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

खेत में पानी टूटने के कारण दो किसानों पर ईंटों से हमला

गांव शाहडब्बर में हुई घटना, हमले में दोनों किसान गंभीर घायल, मेरठ रेफर, शिकायत के बाद भी पुलिस ने नहीं की कार्यवाही

बुढ़ाना, 13 दिसम्बर (बु.)। पड़ोसी के खेत में पानी जाने पर खेत मालिक ने अपने परिवार के लोगों को साथ लेकर 2 किसानों के साथ मारपीट कर ईंटों से पथराव कर घायल कर दिया। दोनों घायल मेरठ के सरकारी हस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस ने किसी भी आरोपी के खिलाफ कोई भी मामला दर्ज नहीं किया है।

पीड़ित पक्ष ने पुलिस से सभी आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहडब्बर निवासी खेत मालिक रणधीर सिंह राठी ने अपने खेत गांव के ही तेजवीर सिंह राठी को बटाई पर दिए हुए हैं। बीते दिनों खेत पर तेजवीर पानी चला रहा था। खेत मालिक रणधीर भी वहीं पर था, तब उसके खेत का पानी कुले होने की वजह से पड़ोसी

ओमपाल राठी के खेत में टूट गया। अपने खेत में पानी आया देख ओमपाल राठी आग बबूला हो गया। तब उसने अपने घर के सदस्यों को फोन करके मौके पर बुला लिया, जिसमें ओमपाल ने बिल्लू, कल्लू, राहुल, मनीष और रितिक आदि की मदद से रणधीर और तेजपाल पर ईंटों से पथराव कर हाथापाई भी की और पिटाई करते हुए उसको घायल कर दिया। आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। उधर घायलों को पुलिस ने सीएचसी भर्ती कराया। जहां दोनों घायलों को मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया।

डेढ़ माह से फरार है रेप के प्रयास का आरोपी, 48 घंटे में गिरफ्तारी नहीं हुई तो होगा प्रदर्शन

बुढ़ाना, 13 दिसम्बर (बु.)। करीब 45 साल की ग्रामीण महिला के साथ रेप का प्रयास करने के दौरान हाथापाई करने वाला फरार आरोपी डेढ़ माह से भी अधिक समय से बुढ़ाना पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। अब इस मामले में रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी ने बुढ़ाना पुलिस को 48 घंटे का समय दिया है और कहा है कि अगर पुलिस ने उसको 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार नहीं किया तो वह 15 दिसम्बर को एसएसपी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगी, जिसकी जिम्मेदारी बुढ़ाना पुलिस की होगी। मिली जानकारी के अनुसार बीती 28 अक्टूबर की देर रात लगभग साढ़े 11 बजे बुढ़ाना कोतवाली की परासौली चौकी क्षेत्र के एक गांव की महिला अपने घर में अकेली सो रही थी, जबकि परिवार के अन्य सदस्य घेर में सोए हुए थे, तब परिवार के प्रमोद ठाकुर पुत्र साहब सिंह ने महिला को रेप की नीयत से दबोच लिया। महिला के शोर मचाने पर आरोपी महिला को धमकी देकर फरार हो गया। महिला ने घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को दी तो पुलिस ने छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कर ली। आरोप है कि पुलिस ने 47 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया। पीड़िता अब महिला रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी के पास पहुंची और उन्हें पूरी घटना से अवगत कराया। रालोद नेत्री अनुपमा चौधरी ने आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर 15 दिसम्बर को एसएसपी ऑफिस का घेराव करने की चेतावनी दी है। परासौली चौकी प्रभारी से जब बात हुई तो उन्होंने बताया कि आजकल में आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

लाल किले पर बहादुर शाह जफर-2 के परपोते की विधवा का दावा खारिज किया

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसी)। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर-द्वितीय के परपोते की विधवा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते लाल किले पर कब्जा करने की मांग की थी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विभू बाखरू और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने एचसी एकल न्यायाधीश के दिसंबर 2021 के फैसले के खिलाफ सुल्ताना बेगम की अपील को खारिज कर दिया। कोर्ट का कहना है कि यह चुनौती ढाई साल से अधिक की देरी के बाद दायर की गई थी। बेगम ने कहा कि वह अपनी खराब स्वास्थ्य स्थिति और अपनी बेटी के निधन के कारण अपील दायर नहीं कर सकीं। उन्होंने कहा, "हम उक्त स्पष्टीकरण को अपर्याप्त पाते हैं, यह देखते हुए कि देरी ढाई साल से अधिक की है। याचिका को भी कई दशकों तक अत्यधिक विलंबित होने के कारण (एकल न्यायाधीश द्वारा) खारिज कर दिया गया था। देरी की माफी के लिए आवेदन नतीजतन, अपील भी खारिज कर दी जाती है, यह परिसीमा से वर्जित है।" 20 दिसंबर, 2021 को एकल न्यायाधीश ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा अवैध रूप से लिए गए लाल किले पर कब्जा करने की मांग करने वाली बेगम की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि 150 से अधिक वर्षों के बाद अदालत का दरवाजा खटखटाने में अत्यधिक देरी का कोई औचित्य नहीं था। वकील विवेक मोरे के माध्यम से दायर याचिका में दावा किया गया है कि 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बाद अंग्रेजों ने परिवार को उनकी संपत्ति से वंचित कर दिया था, जिसके बाद सम्राट को देश से निर्वासित कर दिया गया था और लाल किले का कब्जा जबरदस्ती छीन लिया गया था। इसमें दावा किया गया कि बेगम लाल किले की मालिक थीं, क्योंकि उन्हें यह विरासत उनके पूर्वज बहादुर शाह जफर-द्वितीय से मिली थी, जिनकी 11 नवंबर 1862 को 82 वर्ष की आयु में मृत्यु हो गई थी और भारत सरकार संपत्ति पर अवैध कब्जा कर रही थी। याचिका में केंद्र को लाल किला सौंपने या अवैध कब्जे के लिए 1857 से आज तक के मुआवजे के अलावा पर्याप्त मुआवजा देने का निर्देश देने की मांग की गई है।

बुढ़ाना बार अध्यक्ष पद का चुनाव 9 वोटों से जीते विनोद त्यागी, महासचिव पद पर हुई ओमपाल मलिक की जीत

बुढ़ाना, 13 दिसम्बर (बु.)। शुक्रवार को हुए बार एसोसिएशन बुढ़ाना के वार्षिक चुनाव में विनय बालियान गुट के विनोद त्यागी 9 वोटों से अध्यक्ष पद का चुनाव जीत गये, जिसमें उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी सुरेश पाल सिंह वर्मा को हराकर अध्यक्ष पद पर कब्जा किया। वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद त्यागी पहली बार अध्यक्ष बने। इससे पूर्व भी वे चुनाव लड़े थे, जिसमें वे मामूली अंतर से हार गये थे लेकिन आज अध्यक्ष पद पर कब्जा कर विनोद त्यागी ने अपनी पिछली हार का बदला ले लिया। महासचिव पद पर ओमपाल मलिक की जीत हुई। उन्होंने अपने विरोधी संजीव कुमार से 25 वोट अधिक लेकर जीत हासिल की। कोषाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार व रविंद्र कुमार के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें अनिल कुमार ने 7 वोट ज्यादा लेकर रविंद्र को हराया। सहसचिव के 3 पदों पर आदित्य, मनोज व योगेश सैनी पहले ही निर्विरोध हो गये थे। कुलप्रीत मेहरा व मोहम्मद शमीम ने वोट नहीं डाली। चुनाव में महासचिव पद पर सुरेश पाल वर्मा गुट के ओमपाल ने अपना कब्जा जमाया। कोषाध्यक्ष पद पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनोद कुमार गुट के अनिल कुमार ने कब्जा जमाया। सुरेश पाल वर्मा व विनोद कुमार गुट में आपस में क्रॉस वोटिंग भी हुई। सबसे ज्यादा 71 वोट महासचिव पद पर ओमपाल को मिली। वरिष्ठ सदस्य पद पर अजेय, अनिल शर्मा, विजय कुमार, प्रशांत शर्मा, सुशील कुमार, विनय बालियान व जाकिर अली, कनिष्ठ सदस्य पद पर अभिषेक गोयल, दीपक सैनी, कुलदीप सिंह, प्रवेश सैनी, संदीप बालियान और शिवम जीते।

डीएवी महाविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस विभाग में फ्रेशर पार्टी (आगाज)-2024 का आयोजन

छात्र वेश कुमार मिस्टर और छात्रा वैश्वनी शर्मा को मिस फ्रेशर चुना

मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर (बु.)। डीएवी कम्प्यूटर साइंस विभाग में बीसीए द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के अभिनंदन के लिए एक फ्रेशर पार्टी (आगाज)-2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय प्राचार्या, स्ववित्त पोषित प्रभारी डॉ. राहुल शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम में बीसीए द्वितीय वर्ष एवं प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. गरिमा जैन ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए बधाई दी और कहा कि अपने से छोटों को कभी कम नहीं समझना चाहिए। निर्णायक समिति की ओर से मिस्टर फ्रेशर के रूप में वेश कुमार तथा मिस फ्रेशर के रूप में वैश्वनी शर्मा एवं मिस्टर हैंडसम के रूप में रिहान त्यागी तथा मिस गॉर्जियस के रूप में देवांशी का चयन किया गया। कार्यक्रम का संचालन काश्वी, सिमरन, शगुन, आशीष, कृष्णा, देवांश, अभिनव, अभय व खुशी, खुशदीप कौर व शिवा ने किया। कार्यक्रम के अन्त में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम प्रभारी डॉ. राहुल शर्मा ने सभी अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं का कार्यक्रम सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम के समस्त शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ का योगदान रहा।

पाकिस्तान की राजकुमारी रितुराज बनीं शेखावत राजपरिवार की दुल्हन

हनुमानगढ़, 13 दिसंबर (एजेंसी)। हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा में शेखावत परिवार में भव्य शादी का आयोजन हुआ। इसमें उदयवीर सिंह का विवाह पाकिस्तान के अमरकोट रियासत के राजपरिवार की राजकुमारी रितुराज से हुआ। जयपुर के केसर बाग मैरिज गार्डन में आयोजित इस समारोह में पाकिस्तान से 50 मेहमान और राजपरिवार के सदस्य शामिल हुए। शादी में कांग्रेस और भाजपा के वरिष्ठ नेता, मंत्री, विधायक, आईएएस अधिकारी और बड़े उद्योगपति उपस्थित रहे। इसके बाद रिसेप्शन पीलीबंगा के ग्राम पंचायत 24 एसटीजी में संपन्न हुआ। शादी के बाद शेखावत का परिवार पाकिस्तान के अमरकोट रियासत जाएगा, जहां राजकुमारी के ससुराल में शादी का जश्न मनाया जाएगा। जयपुर के केसर बाग मैरिज गार्डन में शादी समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शादी में पाकिस्तान के राजपरिवार के साथ 50 मेहमान भी शामिल हुए इस शादी में कांग्रेस-भाजपा नेताओं सहित एमएलए, मंत्री, आईएएस, कई बड़े उद्योगपति शामिल हुए इस शादी का रिसेप्शन पीलीबंगा की ग्रामपंचायत गांव 24 एसटीजी में संपन्न होगा है। वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न होने एवं वीजा मिलने के बाद शेखावत परिवार भी पाकिस्तान जाएगा, जहां उदयवीर सिंह के ससुराल में शादी का जश्न मनाया जाएगा। शादी की सभी रस्में अदा होंगी। उदयवीर सिंह मूलतया पीलीबंगा के दीपपुरा ठिकाने के रहने वाले हैं। दीपपुरा के किशोर सिंह शेखावत के बेटे उदयवीर की शादी पाकिस्तान के अमरकोट जिले के शिवदान सिंह सोनपुर ठिकाने के इंद्र सिंह सोढ़ा की बेटी नीतुराज के साथ हुई है। राजस्थान के बॉर्डर इलाके के बाड़मेर और जैसलमेर जिले के राजपूत समाज के पाकिस्तान के अमरकोट के सोढ़ा राजपूतों में कई सारी रिश्तेदारियां भी हैं। फिलहाल यह शादी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।

अविश्वास प्रस्ताव पर राज्यसभा में भिड़े पक्ष और विपक्ष के सांसद

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (वार्ता)। राज्यसभा में शुक्रवार को सभापति के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में मीडिया में आयी रिपोर्टों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य आपस में भिड़ गए और सदन की कार्यवाही सोमवार तक स्थागित कर दी गयी। सभापति जगदीप धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद को जन्मदिन की बधाई दी और आवश्यक विधायी दस्तावेज सदन के पटल पर रखवायें। श्री धनखड़ ने सबसे कम उम्र की आयु में विश्व शतरंज चैंपियन बनने पर डी गुकेश को शुभकामनाएं दी तो सदस्यों ने मेज थपथपा कर उसका स्वागत किया। इसके बाद सदन ने मौन खड़े होकर 13 दिसंबर 2001 में संसद पर आतंकवादी हमले के दौरान शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। श्री धनखड़ ने कहा कि उन्हें नियम 267 के अंतर्गत चार नोटिस मिले हैं, जिन्हें अस्वीकार किया जाता है। इस पर सदन में विपक्ष के सदस्य शोर शराबा करने लगे।

बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं तिलकराम व मेरी पत्नी श्रीमती बाला, अपने पुत्र अश्वनी कुमार व पुत्रवधु श्रीमती अनीता सैनी पत्नी अश्वनी कुमार को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है तथा अब उनसे अपने पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद करते है। अब मैं व मेरी पत्नी अपने पुत्र अश्वनी कुमार व पुत्रवधू श्रीमती अनिता सैनी के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन आदि के किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

तिलकराम पुत्र श्री ब्रहम सिंह
निवासी-रूड़की रोड, दीपक पैलेस वाली गली, उत्तरी रामपुरी, थाना-कोतवाली, जिला-मुजफ्फरनगर, मो. 9084010298

जूनियर प्राइमरी स्कूल गढी बहादरपुर में सड़क बनाने की मांग लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीण

मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर (बु.)। शुक्रवार को ब्लॉक शाहपुर के गांव बहादरपुर गढ़ी के रहने वाले रणतेज बालियान और नरेश कुमार आदि ने जिलाधिकारी के नाम प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बहादरपुर गढ़ी में जूनियर प्राईमरी स्कूल की एक सड़क इतनी बुरी हालत में है कि बच्चों को हाथ में जूते लेकर स्कूल जाना पड़ता है, जिसमें बच्चों के पैर और स्कूल की ड्रेस दोनों ही खराब हो जाते हैं। वर्तमान प्रधान तनु को कई बार कहने के बावजूद भी वह सड़क नहीं बनाई गई, हालांकि प्रार्थना पत्र देने आये रणतेज बालियान, नरेश कुमार, रामेन्द्र सिंह और अमित चौधरी ने प्रधान पर विभिन्न प्रकार के आरोप लगाते हुए यह भी बताया कि प्रधान को शिकायत करने का कोई लाभ नहीं है, क्योंकि वो सिर्फ मुकदमों में फैसले कर पैसा ऐंठने का काम करती है, उसके सामने बोलने की किसी की हिम्मत नहीं है, क्योंकि उसका भाई खुद एक बड़ा हिस्ट्रीशीटर है। इसलिए क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति पारिवारिक होने के चलते किसी प्रकार की सिरदर्दी अपने सिर नहीं लेना चाहता। इस कारण कोई शिकायत करके राजी नहीं है, मगर स्कूल जाने वाले बच्चों की परेशानी को देखते हुए वो आज डीएम से गुहार लगाने के लिए आये हैं कि इस मामले में ध्यान देकर वो जूनियर प्राईमरी स्कूल को जाने वाली सड़क का निर्माण कराने का काम करेंगे।

दिल्ली की हवा पर अगले दो दिन भारी

नई दिल्ली, 13 दिसंबर (एजेंसी)। राजधानी में मौसमी दशाओं में बदलाव आने से हवा खराब श्रेणी में बरकरार है। इससे लोगों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं, खांसी-जुकाम की परेशानी हो रही है। सीपीसीबी के मुताबिक एक्यूआई 262 दर्ज किया गया। इसमें कुछ कमी आई है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषकों के फैलाव के लिए मौसम संबंधी स्थितियां बेहद प्रतिकूल होने से स्थिति बिगड़ रही है।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 6504, दिनांक 17.06.2019 में, नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम अंगद तोमर नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत

पुनीत कुमार
म0नं0 1605, दक्षिणी सिविल लाईन, सूरज विहार, मुजफ्फरनगर, मो. 9045704008

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम राघव मल्होत्रा से बदलकर चौधरी राघव मल्होत्रा रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे वास्तविक नाम चौधरी राघव मल्होत्रा के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

चौधरी राघव मल्होत्रा
पुत्र श्री रूपल मल्होत्रा
20- द्वारकापुरी, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

कफन और पैकिंग के लिए लाओ दो हजार, तब होगा पोस्टमार्टम, मां की लाश लिए बेटा करता रहा फरियाद

सुविधा शुल्क में छूट पाने को चिकिल्सा अफसरों के चक्कर काट रहा युवक

गोंडा, 13 दिसंबर (एजेंसी)। गोंडा में आंखों में आंसू लेकर मां के लिए कफन व शव को सील करने की सुविधा शुल्क में छूट पाने के लिए झंझरी विकासखंड के पास पेरीगांव के रहने वाले हीरा सिंह सीएमएस व सीएमओ कार्यालय के चक्कर काट रहे थे। लेकिन, किसी भी जिम्मेदार का दिल नहीं पसीजा। अस्पताल आए एक अन्य व्यक्ति को दया आई तो उसने कफन व अन्य जरूरी चीजों का इंतजाम करवा दिया।

बृहस्पतिवार दोपहर 12 बजकर 18 मिनट पर मेडिकल कॉलेज के सीएमएस कक्ष में हीरा सिंह नाम का एक व्यक्ति दाखिल हुआ। सीएमएस डॉ. अनिल तिवारी से पीड़ित ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि उसकी मां गीता सिंह (50) को बुधवार शाम तीन बजकर 15 मिनट पर भर्ती कराया गया था। डॉक्टर ने जहरीला पदार्थ खाने की संभावना जताते हुए उपचार शुरू किया। बृहस्पतिवार को उनकी मौत हो गई। शव को अस्पताल के पास बने मोर्चरी में रखा गया है। वहां उपस्थित कर्मचारी लाश को सील करने के लिए कफन, लाश पैकिंग व अन्य संस्थान के लिए दो हजार रुपये मांग रहा है। वहीं 1200 रुपये वाहन के माध्यम से पोस्टमार्टम हाउस तक ले जाने का किराया भी मांगा गया है। सीएमएस डॉ. अनिल तिवारी ने संवेदना तो जताई, लेकिन अस्पताल से लाश पैकिंग की व्यवस्था न होने का हवाला देकर सीएमओ के पास भेज दिया। यहां सीएमओ नहीं मिलीं। लेकिन, एक कर्मचारी ने जानकारी दी कि लाश को यहां से पोस्टमार्टम हाउस तक ले जाने का जिम्मा पुलिस का है। वहां से भी निराश लौट रहे हीरा को करुणा सिंह नाम के व्यक्ति ने आर्थिक सहयोग कर कफन व लाश पैकिंग का इंतजाम कराया।

कैंट स्टेशन से कथित फूड इंस्पेक्टर को किया गिरफ्तार

वाराणसी, 13 दिसंबर (एजेंसी)। कैंट रेलवे स्टेशन के आईआरसीटीसी रिटायरिंग रूम में यात्री को चेकिंग के नाम पर परेशान करने और उलझने के मामले में जीआरपी ने कथित फूड इंस्पेक्टर को बीती रात गिरफ्तार किया। शांति भंग की आशंका में उसका चालान किया गया। फूड इंस्पेक्टर के बारे में जीआरपी और जानकारियां जुटा रही है। यात्रियों ने एक्स पर इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। यात्री हरिशरण मिश्र ने एक्स पर शिकायत दर्ज कराई कि वह आईआरसीटीसी के रिटायरिंग रूम में ठहरा हुआ है। यहां राजीव श्रीवास्तव नामक व्यक्ति अपने को फूड इंस्पेक्टर बताकर धौंस जमा रहा है। धमकी दे रहा है। यात्री के शिकायत के बाद आरपीएफ इंस्पेक्टर संदीप यादव पहुंचे तो उसने उन्हें भी अर्दब में लेने का प्रयास किया।

एसडी कॉलेज में रिसर्च मेथडोलॉजी पर कार्यशाला संपन्न

मुजफ्फरनगर,13 दिसम्बर (बु.)। सनातन धर्म महाविद्यालय में रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल द्वारा पांच दिवसीय रिसर्च मेथडोलॉजी विषय पर संपन्न कार्यशाला का शुभारंभ व समापन महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार पुंडीर के शुभाशीष वचनों द्वारा किया गया। कार्यशाला में प्रो. अशोक त्रिपाठी, प्रो. विजयलक्ष्मी, डॉ. प्रमोद मिश्र, डॉ. अनूप पटेल एवं डॉ. पीयूष शर्मा मुख्य वक्ता की भूमिका में रहे। कॉलेज में संपन्न कार्यक्रम में वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा में शोध-प्रक्रिया, भगवद्गीता, वेद, उपनिषद, पुराण आदि को शोध-पद्धति से जोड़ते हुए विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को डॉ. सरिता ढाका व डॉ. नवीन कुमार द्वारा संयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 400 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में प्रो. पीके श्रीवास्तव, प्रो. अलका बंसल, प्रो. अजयपाल सिंह, प्रो. सतीश त्यागी, डॉ. संजय अरोड़ा, डॉ. अरविन पंवार आदि मौजूद रहे।

पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़, दो माओवादी मारे गए

बीजापुर, 13 दिसम्बर (वार्ता)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में शुक्रवार को माओवादी मारे गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बासागुड़ा थानाक्षेत्र के नेंड्रा जंगलों में दोनों ओर से गोलीबारी हो रही है। सुरक्षा बल के जवानों ने सूझ-बूझ और हिम्मत से 02 नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस ने दोनों पुरुष माओवादियों के शव बरामद कर लिए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। बीजापुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना ने इस मुठभेड़ की पुष्टि की है। सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ स्थल पर तलाशी अभियान जारी है।

अमृतसर से बैंकॉक के लिए सीधी उड़ान 27 दिसंबर से शुरू

अमृतसर, 13 दिसंबर (वार्ता)। पंजाब की हवाई कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए, एयर इंडिया एक्सप्रेस 27 दिसंबर से श्री गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, अमृतसर से दो नए उड़ान मार्ग शुरू करने जा रही है। ये नई सेवाएँ अमृतसर को बेंगलुरु और बैंकॉक से जोड़ेंगी। फ्लाई अमृतसर पहल के वैश्विक संयोजक समीप सिंह गुमटाला और संयोजक (भारत) योगेश कामरा ने शुक्रवार को बताया कि एयरलाइन द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, बेंगलुरु से उड़ान सुबह 5:55 बजे रवाना होगी और 9:20 बजे अमृतसर पहुँचेगी। वापसी की उड़ान शाम को 11:30 बजे रवाना होगी और 2:45 बजे बेंगलुरु पहुँचेगी। इसी तरह, अमृतसर से उड़ान सुबह 10:40 बजे रवाना होगी और शाम पांच बजे बैंकॉक के सुवर्णभूमि हवाई अड

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

प्रयागराज महाकुंभ कलश स्थापना

प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कल प्रयागराज महाकुंभ के लिए कलश स्थापित किया। धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस महत्त कार्य के साथ-साथ उन्होंने 5700 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट का भी शिलान्यास-उद्घाटन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि गुलामी के कालखंड में भी कुंभ की आस्था नहीं रुकी। प्रधानमन्त्री बड़े गहरे अर्थ में सनातन आस्था से जुड़े हैं, उनकी गरिमामयी उपस्थिति से हर धार्मिक कृत्य एक अलग ही उल्लास से भर जाता है। सम्पूर्ण भक्ति भाव से जब प्रधानमन्त्री धार्मिक अनुष्ठान करते हैं और उन महत्त कार्यों की वीडियो और तस्वीरें सामने आती हैं, तो सामान्य जन भी श्रद्धा से भर जाते हैं। कल प्रयागराज से ऐसी ही तस्वीरें आयी। प्रधानमन्त्री ने प्रयागराज आने से पहले एक्स पर लिखा कि आस्था के महाकुंभ को दिव्य-भव्य बनाने के साथ ही श्रद्धालुओं को हर सुविधा देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी कड़ी में आज प्रयागराज में दर्शन-पूजन के बाद महाकुंभ से जुड़े विकास कार्यों का जायजा लूंगा। इस दौरान कई प्रोजेक्ट्स के लोकार्पण का भी सौभाग्य मिलेगा। संगम तट पर प्रधानमन्त्री मोदी की सभा के लिए सुबह आठ बजे ही से लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। बनाए गए विशाल पंडाल में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। प्रधानमन्त्री ने अमृत काल के सिद्धि योग में मानवता की अमूर्त धरोहर के रूप में विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के रूप में महाकुंभ की सफलता के लिए कुंभ कलश का पूजन और स्थापना की। उन्होंने संगम नोज से श्रृंग्वेरपुर धाम कॉरिडोर का वर्चुअल लोकार्पण किया। कॉरिडोर के अंतर्गत 135 करोड़ रुपये की लागत से गंगा घाट, निषादराज पार्क तथा भगवान राम एवं निषादराज की गले मिलते हुए प्रतिमा का निर्माण कराया गया है। इसी के साथ प्रधानमन्त्री ने 280 करोड़ की लागत से बनने वाले गंगा रिवर फ्रंट का शिलान्यास भी किया। संगम नोज पर बने पंडाल में तीर्थ पुरोहितों ने उन्हें आसन ग्रहण कराया। पीएम के अगल-बगल में सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी आसन ग्रहण किया। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पीएम मोदी ने पूजा अर्चना की। तीर्थ पुरोहितों ने उनसे आचमन भी कराया। पीएम मोदी ने खड़े होकर त्रिवेणी का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक किया। पीएम मोदी, सीएम योगी और राज्यपाल ने अक्षत, चंदन, रोली और पुष्पमाला के साथ ही त्रिवेणी में वस्त्र भी अर्पित किया। इसके बाद पीएम ने संगम आरती भी की। अंत में पीएम मोदी ने विशेष रूप से सजाए गए प्रांगण में फोटोशूट भी कराया। अपने सम्बोधन में मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी हैं, पीएम मोदी का आगमन और उनके द्वारा किए गए यमुना, गंगा और सरस्वती की त्रिवेणी में पूजा अनुष्ठान के बाद महाकुंभ का शुभारंभ हुआ है। प्रधानमन्त्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि यहां दिन-रात काम कर रहे कर्मचारियों और सफाई कर्मियों का अभिनंदन करता हूं। विश्व का इतना बड़ा आयोजन, हर रोज लाखों श्रद्धालुओं के स्वागत और सेवा की तैयारी लगातार 45 दिनों तक चलने वाला महायज्ञ, एक नया महानगर बसाने का महाभियान प्रयागराज की धरती पर नया इतिहास रचा जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा भारत पवित्र स्थलों और तीर्थों का देश है। ये गंगा, यमुना, सरस्वती, कावेरी और नर्मदा जैसी अनगिनत पवित्र नदियों का देश है। इन नदियों के प्रवाह की जो पवित्रता है, इन अनेकानेक तीर्थों का जो महत्व है, जो महात्म्य है, उनका संगम, उनका समुच्चय, उनका योग, उनका संयोग, उनका प्रभाव, उनका प्रताप, ये प्रयाग है। प्रयाग वो है, जहां पग-पग पर पवित्र स्थान हैं, जहां पग-पग पर पुण्य क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि ये केवल तीन पवित्र नदियों ही का संगम नहीं है। प्रयाग के बारे में कहा गया है, 'माघ मकरगत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।।' अर्थात जब सूर्य मकर में प्रवेश करते हैं, सभी दैवीय शक्तियां, सभी तीर्थ, सभी ऋषि, महाऋषि प्रयाग में आ जाते हैं, ये वो स्थान है, जिसके प्रभाव के बिना पुराण पूरे नहीं होते। प्रयागराज वो स्थान है, जिसकी प्रशंसा वेद की ऋचाओं में की गई है। पीएम मोदी ने कहा कि महाकुंभ हजारों वर्ष पहले से चली आ रही हमारे देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक यात्रा का पुण्य और जीवंत प्रतीक है। एक ऐसा आयोजन है, जहां हर बार धर्म, ज्ञान, भक्ति और कला का दिव्य समागम होता है। कुंभ जैसे भव्य और दिव्य आयोजन को सफल बनाने में स्वच्छता की बहुत बड़ी भूमिका है। महाकुंभ की तैयारियों के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाया गया है, प्रयागराज शहर के सैनिटेशन और वेस्ट मैनेजमेंट पर फोकस किया गया है। लोगों को जागरूक करने के लिए गंगादूत, गंगा प्रहरी और गंगा मित्रों की नियुक्ति की गई है। इस बार 15 हजार से ज्यादा मेरे सफाईकर्मी भाई-बहन कुंभ की स्वच्छता को संभालने वाले हैं। मैं आज कुंभ की तैयारी में जुटे अपने सफाईकर्मी भाई-बहनों का अग्रिम आभार भी व्यक्त करता हूं। प्रधानमन्त्री मोदी ने कहा कि संगम आकर संत-महंत, ऋषि-मुनि, ज्ञानी-विद्वान सब एक हो जाते हैं। जातियों का भेद समाप्त हो जाता है। संप्रदायों का टकराव मिट जाता है। प्रयागराज वो स्थान है, जिसके प्रभाव के बिना पुराण पूरे नहीं होते। इसलिए मैं कहता हूं कि ये महाकुंभ, एकता का महायज्ञ है। इसमें हर तरह के भेदभाव की आहुति दी जाती है। प्रधानमन्त्री इससे पहले अरैल घाट से निषादराज क्रूज में सवार होकर संगम तट पर गए। यहां साधु-संतों से मुलाकात की। पीएम ने अक्षयवट की परिक्रमा की। इससे पूर्व सन 2013 के महाकुम्भ में 3 करोड़ के लगभग श्रद्धालु कुम्भ-स्नान के लिये आये। सन 2019 के अर्ध कुम्भ में लगभग 5 करोड़ लोग आये। यह महाकुंभ मेला 13 जनवरी से आरम्भ होकर 26 फरवरी तक चलेगा। प्रयागराज कुंभ मेले में चार मुख्य स्नान होंगे। पहला स्नान 13 जनवरी 2025 को, दूसरा स्नान 14 जनवरी 2025 को मकर संक्रांति पर होगा, तीसरा स्नान 29 जनवरी 2025 को मौनी अमावस्या पर होगा, चौथा स्नान 2 फरवरी 2025 को बसंत पंचमी पर होगा, पांचवां स्नान 12 फरवरी 2025 को माघ पूर्णिमा पर होगा। और अन्तिम स्नान 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि पर होगा।

चार तीर

सुनील उत्सव

"कौम" "मोहब्बत" "हकीकत" "सियासत"

जिन्हें अपनी ही चिन्ता है या अपनी कौम की चिन्ता,
मोहब्बत वो क्या समझेंगे, हकीकत वो क्या समझेंगे?
सियासत की तरफ जाहिल खिंचे जाते हैं देखो तो,
जहालत जिनकी खूबी है,सियासत वो क्या समझेंगे?

मंत्री कपिल देव ने निर्माणाधीन गेस्ट हाउस का किया निरीक्षण

निर्माण कार्य की गुणवत्ता को परखने के साथ दिए जरूरी निर्देश

मुजफ्फरनगर,13 दिसम्बर (बु.)। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा व सहयोग से भोपा रोड पर निर्माणाधीन लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य की प्रगति व गुणवत्ता को परखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई भी समझौता नहीं किया जाये। इसके साथ ही कार्य तय समयावधि में पूर्ण करने पर उन्होंने जोर दिया। प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग द्वारा भोपा रोड पर निर्माणाधीन गेस्ट हाउस का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचे, जहां उन्होंने कार्य की गुणवत्ता को परखते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हुए तय समय से कार्य पूर्ण कराने के लिए कहा, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। नगर विधायक एवं सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इस दौरान गेस्ट हाउस का निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था लोनिवि के अफसरों से प्रगति को लेकर जानकारी प्राप्त की। इस दौरान अधिशासी अभियंता लोनिवि ने उन्हें बताया कि 211.48 लाख की लागत से चार सूट के गेस्ट हाउस का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें डाइनिंग हॉल, मीटिंग हॉल, किचन आदि सम्मिलित है। उन्होंने बताया कि अभी शासन द्वारा निर्माण कार्य के लिए 2.63 लाख की धनराशि आवंटित हुई है, जिसके सहारे निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयुक्त हो रही निर्माण सामग्री ईंट, मसाले, सरिया, मोरंग के साथ निर्माणाधीन बिल्डिंग के पिलर आदि सभी मेटीरियल उच्च गुणवत्ता पूर्ण रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गेस्ट हाउस के निर्माण होने से जहां एक ओर शासकीय कार्य संपादित होंगे वहीं आसपास के क्षेत्र का विकास भी होगा। इस दौरान, भाजपा नेता जितेन्द्र कुच्छल, नमीश चन्देल, पदम तोमर, हरेन्द्र पाल, महावीर सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि, सहायक अभियंता सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

मंत्री कपिल देव ने जट मुझेड़ा में किया संत रविदास धर्मशाला का शुभारंभ

– मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर कराया निस्तारण

मुजफ्फरनगर,13 दिसम्बर (बु.)। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जट मुझेड़ा में शुक्रवार को संत शिरोमणि रविदास धर्मशाला का शुभारम्भ कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए मौके पर उनके निस्तारण किए। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने के निर्देश दिए। नगर विधायक व मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सदर विधानसभा के ग्राम जट मुझेड़ा में संत शिरोमणि रविदास धर्मशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि संत गुरू रविदास एक महान संत थे, जिन्होंने अपने जीवनकाल में समाज को जागरूक किया और हमेशा समाज को सही दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज हमें संत गुरू रविदास महाराज द्वारा दी शिक्षाओं को जीवन में धारण करने की जरूरत है। हमें उनके दिखाए गए रास्ते पर चलकर समाज की भलाई में आगे बढ़ना चाहिए और उनके सपनों को पूरा करना चाहिए। मंत्री कपिल देव ने भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि भाजपा अपने जन हितैषी कार्यों के बल पर दुनिया में सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 साल से भाजपा की सरकार है। प्रदेश का नेतृत्व पिछले आठ साल से योगी आदित्यनाथ कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में देश में बड़ी प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि देश में अटकाने, भटकाने और लटकाने की संस्कृति खत्म कर दी है। अब जो काम शुरू किए जाते हैं, वे निर्धारित समय में पूरे किए जा रहे हैं। मंत्री कपिल देव ने बताया कि योगी सरकार प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध व अपराधियों की कमर तोड़ रही है। यूपी पुलिस जहां एक तरफ सीधा मुकाबला करते हुए अब तक 250 से अधिक बदमाशों को ढेर कर चुकी है, वहीं बड़ी संख्या ऐसे अपराधियों की भी है, जिन्हें न्यायालय में पुलिस की प्रभावी पैरवी से बेदम कर दिया गया है। बाद में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण को मौके पर अफसरों से वार्ता की तथा ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण कराया। इस दौरान मंडलाध्यक्ष हरेंद्र पाल, जितेंद्र कुच्छल, मा. चन्द्रवीर, डॉ. महावीर सिंह, पूर्व प्रधान अरविन्द चौधरी, अमित पाल, रामदास, आनंद सैनी, मित्तर सैन, नमिष चंदेल आदि मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन के सामने घोषित शत्रु संपत्ति पर बने अवैध निर्माण को हटाने की मांग

मुजफ्फरनगर,13 दिसम्बर (बु.)। संयुक्त हिन्दू मोर्चा के तत्वावधान में जनपद के अनेक हिंदू एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने डीएम उमेश मिश्रा से मिलकर रेलवे स्टेशन के सामने घोषित हुई शत्रु संपत्ति को तुरंत अधिग्रहण कर अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की मांग की। इस अवसर पर हिंदू नेताओं ने कहा कि पिछले दिनों रेलवे स्टेशन के सामने बनी मस्जिद व वहां बनी अनेक दुकानों को शत्रु संपत्ति घोषित किया था परंतु एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन के द्वारा उक्त संपत्ति को अधिग्रहण करने की कार्यवाही नहीं की जा रही है,जबकि शासन के स्पष्ट आदेश हैं कि किसी भी सरकारी संपत्ति पर हुए अवैध निर्माण को जल्द से जल्द ध्वस्त किया जाए। डीएम उमेश मिश्रा से मिले हिंदू नेताओं ने कहा कि लैंड जेहादियों द्वारा स्टेशन के सामने जो अवैध निर्माण किया गया है, वहां पर हमेशा संदिग्ध लोगों का आना जाना लगा रहता है। ऐसे में राष्ट्रहित में इस अवैध निर्माण का ध्वस्त होना अनिवार्य है। हिंदू नेताओं ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र इसके खिलाफ कार्यवाही नहीं की जाती तो हम आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान मुख्य रूप से संयुक्त हिंदू मोर्चा संस्थापक मनोज सैनी, संजय अरोड़ा, डॉ. योगेंद्र शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, बिट्टू सिखेड़ा, विकास अग्रवाल, कमलदीप, पंकज शास्त्री, हरेंद्र शर्मा, बसंत कश्यप, राजकुमार, सतेंद्र सैनी, पुष्पेंद सैनी, जितेंद्र गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

जगदीप धनखड़ किसान पुत्र, कांग्रेस का रवैया गलतः धर्मेन्द्र

मुजफ्फरनगर,13 दिसम्बर (बु.)। भाकियू अराजनैतिक के प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक ने एक प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ किसान पुत्र हैं, ऐसे में कांग्रेस अनावश्यक रूप से उनको टारगेट कर रही है। यह किसान बिरादरी का अपमान है, जो निंदनीय है। भाकियू नेता धर्मेन्द्र मलिक ने अपने बयान में कहा कि भारत में कोई किसान का बेटा देश में आजादी के 70 साल बाद उप राष्ट्रपति बना है। पूरे देश ने देखा है कि उसने सदन की गरिमा बनाए रखी है, लेकिन कांग्रेस उनको अनावश्यक रूप से टारगेट करने का कार्य कर रही है। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सदा गरीबों के कल्याण और संविधान की रक्षा की बात की। हाल में उपराष्ट्रपति जगदीप द्वारा किसानों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानून बनाने के संबंध में सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कृषि मंत्री से सवाल किया था। सभी दलों एवं किसानों ने उनकी प्रशंसा की थी कि उन्होंने किसान के पक्ष को बखूबी उठाया है। कांग्रेस ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ उच्च सदन के महासचिव को अविश्वास प्रस्ताव सौंपा है। धर्मेन्द्र मलिक ने कहा कि भाकियू अराजनैतिक उसे बर्दाश्त नहीं करेगी और यदि कांग्रेस ने अपना प्रयास जारी रखा, तो इसके लिए भाकियू नई दिल्ली जन्तर-मन्तर पर प्रदर्शन पर विचार करेगी।

STAFF REQUIREMENT
1.2 Female Staff For Gynec Hospital
2. Optometrist For Eye Hospital
3. Computer Operator for Data Entry
PARAS NURSING HOME
PARAS NETRALAYA
Contact: 8433289767
9634049928

पीसीएस परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम ने किया मंथन

सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी 22 केंद्रों पर परीक्षा

मुजफ्फरनगर,13 दिसम्बर (बु.)। लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा को जनपद में निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सेक्टर, स्टैटिक व केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की गई। बैठक में डीएम ने अधिकारियों को आयोग द्वारा जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के साथ प्रतिबन्धित सामग्री को कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र के अन्दर लेकर न जाने पाए, इस पर फोकस रखने की बात कही। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने केन्द्रों का निरीक्षण कर जरुरी व्यवस्थाएं पूर्ण करने और केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की बात की। बैठक में एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिले में 22 दिसंबर में होने वाली लोक सेवा आयोग पीसीएस परीक्षा 22 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। दो पालियों में होने वाली इस परीक्षा में प्रथम पाली प्रातः 9:30 बजे से 11:30 एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 2:30 बजे से सायं 4:30 बजे तक संपन्न की जायेगी। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरों व पुलिस की निगरानी में संपन्न होने वाली पीसीएस परीक्षा सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं सह केंद्र व्यवस्थापक भी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी बाहरी व्यक्ति परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं करेगा, वहीं मोबाइल पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराना हम सबका दायित्व है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व परीक्षाओं की भांति इस परीक्षा को पूरी लगन व निष्ठा के साथ संपन्न कराना है। उन्होंने कहा की परीक्षा से एक दिन पहले पूर्ण व्यवस्थाएं करना सुनिश्चित करें। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, डीआईओएस राजेश श्रीवास, सभी एसडीएम, केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट, एवं परीक्षा से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बिजली की चिंगारी से दस बीघा गन्ने की फसल जली

शाहपुर, 13 दिसम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव दुल्हेरा में विद्युत तारों में हुई स्पार्किंग से एक किसान की करीब 10 बीघा गन्ने की फसल जल गई। क्षेत्र के गांव दुल्हेरा निवासी किसान नीरज ने बताया कि उसके खेत के ऊपर से हाई वोल्टेज विद्युत लाइन जा रही है। शुक्रवार की दोपहर विद्युत लाइन में स्पार्किंग होने से चिंगारी खेत में खड़ी उसके गन्ने की फसल पर गिर गई, जिससे गन्ने की फसल में आग लग गई। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने खेत में लगी आग को देखा, तो उन्होंने किसान को सूचित किया। पीड़ित किसान सहित अन्य किसानों व ग्रामीणों ने मिलकर कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। पीड़ित किसान ने बताया कि उसकी करीब 10 बीघे गन्ने की फसल जल गई है, जिससे उसे काफी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

डीएस पब्लिक मे आयोजित खेल महोत्सव के दौरान मंचासीन अतिथिगण।

आवश्यकता है
होटल के लिए एक रिसेप्शनिस्ट की, जिसे कम्प्यूटर में Tally, Excel, Mail आदि का अनुभव हो।
ग्रेजुएट को वरीयता
वेटर्स की भी आवश्यकता है।
सम्पर्क करें-
होटल स्वागत
निकट महावीर चौक, मुजफ्फरनगर
M. 7452010203

एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने नगर के रेन बसेरों का निरीक्षण कर किया कंबल वितरण

मुजफ्फरनगर, 13 दिसंबर (बुस.)। एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने नगर के जिला चिकित्सालय स्थित रैन बसेरा और स्थाई रेन बसेरा का निरीक्षण किया और जाना कि वहां किसी को कोई किसी भी प्रकार की समस्या तो नहीं है और जो व्यवस्था रेन बसेरों के लिए की जा रही है वह सही है अथवा उसमें कोई कमी तो नहीं है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने रेलवे स्टेशन के गोदाम की तरफ बड़ी संख्या में मजदूरों को गर्म कंबल भी वितरित किए एवं उनकी समस्याओं को भी जाना। एडीएम प्रशासन ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि हर हालत में ठंड से बचाव के सभी उपाय किए जाएं और जिसको गर्म कंबल की आवश्यकता है, उसको गर्म कंबल दिया जाए और रेन बसेरों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा नगर के प्रमुख चौराहों पर और आवश्यकता अनुसार अलाव जलाने की व्यवस्था के निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान उन्होंने चिन्हित स्थलों पर अलाव जलाने और रैन बसेरे में किसी भी प्रकार की कोताही न होने हेतु भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

डीएस पब्लिक स्कूल में खेल महोत्सव का हुआ आगाज

मुजफ्फरनगर,13 दिसम्बर (बु.)। यहां डीएस पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ स्कूल चेयरमैन एसएल शर्मा, मैनेजर सुधीर कुमार शर्मा, डायरेक्टर रेणु शर्मा, संतोष जैन, एवं प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। स्कूल हैड बॉय व हैड गर्ल ने अतिथियों को बैज लगाकर व स्पोर्ट्स कैप पहनाकर स्वागत किया। इस बीच प्रतियोगिता में खेल भावना के साथ प्रतिभाग करने की शपथ दिलायी। खेल महोत्सव के पहले दिन खेल मैदान पर अनेकों खेल प्रतिस्पर्धाओं में विद्यार्थियों द्वारा खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल मैदान पर पहले दिन सीनियर ग्रुप में गर्ल्स व बॉयज के खो-खो के मुख्य मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला बॉयज खो-खो में जैस्मिन, लोटस हाउस की टीम व दूसरा मुकाबला लिली हाउस और रोज हाउस टीम के बीच खेला गया, वहीं गर्ल्स खो-खो में जैस्मिन व लिली हाउस की टीमों के बीच खेला गया। गर्ल्स खो-खो के दूसरे मुकाबले में लोटस व रोज हाउस की टीमों ने प्रतिभाग किया। जूनियर ग्रुप में क्लास नर्सरी से 5 वीं तक के बच्चों की रेसेज जिसमें कोन रेस, बॉल बैलेंस रेस, बकेट रेस, हैंकी रेस 50 मीटर रेस आदि स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। कक्षा 5 की गर्ल्स 50 मी. रेस में अनन्या प्रथम, निहारिका द्वितीय व आराध्या चौधरी ने तीसरा स्थान प्राप्त करके मेडल प्राप्त किया। कक्षा 5 के बॉयज 50 मीटर रेस में पुष्कर प्रथम,अक्षय व शादान द्वितीय एवं वंश पाल ने तीसरे स्थान के लिए मेडल प्राप्त किए। कक्षा 5 से कोन बैलेंस रेस में सार्थक प्रथम, कुंज व वंश पाल द्वितीय, अक्ष एवं आरव पाल तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 5 से गर्ल्स कोन बैलेंस रेस में चित्रांशी प्रथम, नमरा द्वितीय तथा अवनी तीसरे स्थान पर रही। कक्षा 6 से 50 मी. दौड़ में गर्ल्स ग्रुप में अक्षिता प्रथम, अर्पिता द्वितीय, आराधना एवं नबा ने तीसरे स्थान के लिए पुरस्कार प्राप्त किया। कक्षा 6 में 50 मीटर दौड़ में शिवम ने प्रथम, सत्यम ने द्वितीय व सारान ने तीसरा स्थान प्राप्त करके अपना दमखम दिखाया। कक्षा 6 से गर्ल्स ग्रुप में 50 मी. दौड़ में आराध्या एवं अनुकृति प्रथम, वजीहा व अक्षिता ने द्वितीय एवं अर्पिता व सारा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6 से बॉल बैलेंस रेस में सारान प्रथम, सत्यम द्वितीय एवं शिवम तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 7 से 50 मी. दौड़ में गर्ल्स ग्रुप में सिया व अंशिका प्रथम, पलक द्वितीय एवं अरण्या तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा 7 से 50 मी. दौड़ में बॉयज ग्रुप में ध्रुव प्रताप प्रथम, रुद्र प्रताप द्वितीय तथा मुकुंद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पहले दिन के खेल समापन पर स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने सभी विद्यार्थियों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए सराहना की। कार्यक्रम सफल बनाने में खेल प्रशिक्षक रजनीश शर्मा, कमल वशिष्ठ एवं सागर गौतम सहित सभी शिक्षक- शिक्षकाओं का सहयोग रहा।

जिला स्तरीय सीनियर महिला टीम का चयन

शाहपुर, 13 दिसम्बर (बु.)। गांव सोरम में आयोजित ट्रायल प्रतियोगिता में जिला स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी टीम का चयन किया गया। जिला ओलंपिक संघ के सह सचिव मास्टर रामपाल सिंह ने बताया कि गांव सोरम स्थित सोरम कबड्डी क्लब के मैदान पर आयोजित जिला स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी ट्रायल प्रतियोगिता में जनपद की महिला कबड्डी खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ट्रायल प्रतियोगिता में जिला स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी टीम में 14 खिलाड़ियों का चयन किया गया। उन्होंने बताया कि चयनित टीम 23 दिसंबर से बलिया में आयोजित तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। उन्होंने बताया कि ट्रायल प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्रो-कबड्डी खिलाड़ी मोनू व राष्ट्रीय खिलाड़ी अनिल ने निभाई। इस दौरान जिला ओलंपिक संघ के चेयरमैन अशोक बालियान, सत्येंद्र प्रधान, गांव प्रधान करणवीर सिंह, विपिन बालियान, बालिन्द्र खलीफा, सुनील कुमार व नीटू आदि मौजूद रहे।

"अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई संपन्न"

मुजफ्फरनगर, 13 दिसंबर (बुस.)। संपूर्ण भारतवर्ष में अग्रवंशियों को एक सूत्र में पिरोहकर कर राष्ट्रीय सर्वांगीण विकास की धारा से जोड़ने तथा निर्बल वर्ग के जनमानस को सफल बनाकर महाराज अग्रसेन की विचारधारा को प्रभावी बनाने रखने की दृष्टि से बुलाई गई अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक गत 10 दिसंबर को अग्रोहा जनपद हिसार में अग्रोहा शक्तिपीठ के परिसर में संपन्न हुई, जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों से पधारे समिति के पदाधिकारीयो के साथ मुजफ्फरनगर के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, जिला अध्यक्ष विनोद सिंघल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रमोद मित्तल, प्रदेश महामंत्री रामकुमार तायल, प्रदेश मंत्री बी एम गुप्ता, महिला विंग की प्रदेश महामंत्री ममता अग्रवाल तथा प्रदेश अध्यक्ष रेनू गर्ग ने सहभागिता की। ज्ञातव्य हो कि महाराजा अग्रसेन की पावन धरा अग्रोहा में अगर वंशियों की आराध्या कुलदेवी मां लक्ष्मी का लगभग 100 करोड रुपए की लागत से विशाल मंदिर का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें यात्रियों की सुविधा के लिए 100 हवादार कमरे है। इसी के साथ पर्यावरण संरक्षण तथा दैवीय शक्तियों के अद्भुत की दृष्टि से 11 दिसंबर से 15 दिसंबर तक महालक्ष्मी यज्ञ आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने प्रदान की है।

मंत्री कपिलदेव अग्रवाल भी बेसहारा लोगों को कंबल बांटने निकले

– कहाः हर गरीब की मदद के लिए आगे है प्रदेश सरकार

मुजफ्फरनगर, 13 दिसंबर (बु.)। ठिठुरती रातों में बेसहारा लोगों को राहत प्रदान करने के लिए जहां प्रशासन के अधिकारी निरंतर रात्रि भ्रमण कर रहे हैं, वहीं आज रात स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल भी शहर के चौराहों और जिला अस्पताल पहुंचे और वहां मिले गरीब और बेसहारा लोगों को सर्दी से बचाने के लिए कंबल वितरित किए। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल ने जिला अस्पताल के पास से अपना भ्रमण शुरू किया। उन्होंने अहिल्याबाई चौक तथा शिव चौक पर गरीब बेहसहारा लोगों को कंबल वितरित किए। उनके साथ नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, एसडीएम सदर निकिता शर्मा और तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़ तथा भाजपा के के कई नेता भी उपस्थित रहे। मंत्री कपिलदेव अग्रव

किसानों को शंभू बॉर्डर खाली करने के लिए करें राजी : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली, 13 दिसंबर (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर धरना दे रहे किसानों को सुचारूपूर्वक खाली करने के लिए उन्हें मनाने का प्रयास करने का शुक्रवार को निर्देश दिया और साथ ही सुझाव दिया कि वे (किसान) अपना आंदोलन अस्थायी रूप से स्थगित कर सकते हैं। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की खंडपीठ ने यह निर्देश देते कहा कि इस मामले में शीर्ष अदालत द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के सदस्य सचिव ने पहले आश्वासन दिया था कि समिति किसानों को मनाने का संकल्प लेगी। शीर्ष न्यायालय ने महसूस किया कि बातचीत जारी रहने के कारण आंदोलन को कुछ समय के लिए स्थगित किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा, "सबसे बेहतर होगा कि समिति की ओर से किसानों को मनाने का प्रयास हो चाहिए।फिलहाल, वे (किसान) अपना आंदोलन स्थगित कर सकते हैं। वे कहीं स्थानांतरित हो सकते हैं। हम यह नहीं कह रहे हैं कि उन्हें विरोध नहीं करना चाहिए।"

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा, "अगर कुछ नहीं होता है तो आंदोलन जारी रह सकता है।" शीर्ष अदालत ने पिछले 17 दिनों से अनशन बैठे पंजाब के किसान नेता जगजीत सिह दल्लेवाल को तत्काल चिकित्सा सहायता देने का भी निर्देश दिया। उसने कहा, "वे एक वरिष्ठ नागरिक हैं, उन्हें गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हैं। उनकी स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ रही है। एक प्रमुख किसान नेता होने के नाते सरकार का यह कर्तव्य है कि वो दल्लेवाल को उनका अनशन तोड़े बिना तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करें।" उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान जोर देकर कहा कि समिति का प्राथमिक कार्य किसानों को अपना आंदोलन स्थानांतरित करने या अस्थायी रूप से निलंबित करने के लिए राजी करना है ताकि नाकाबंदी हटाई जा सके। समिति को इस मुद्दे को हल करने के लिए कुछ समय दिया जाना चाहिए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि समिति की प्रगति अनुमान से धीमी है। उन्होंने कहा कि एक प्रारंभिक रिपोर्ट दायर की गई है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आंदोलनकारी किसानों पर बल प्रयोग के खिलाफ एक मजबूत सिफारिश की गई है। उसने कहा, "राजमार्ग की नाकाबंदी एक कारण से है। हम चाहते हैं कि कारण की पहचान की जाए। कारण पूरी तरह से और आंशिक रूप से सही हो सकता है। हम ऐसा निर्देश जारी करने के इच्छुक नहीं हैं, जिसे लागू करना मुश्किल हो।" शीर्ष न्यायालय ने श्री मेहता के और पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिदर सिह ने किसानों को मनाने के लिए समिति द्वारा दिए गए सुझाव पर सहमति जताई। अदालत इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 17 दिसंबर की तारीख मुकर्रर कर दी। गौरतलब है कि कृषि उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर किसान कई महीने से लगातार आंदोलन कर रहे हैं। सुरक्षा बलों द्वारा रोके जाने के बाद किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। शीर्ष अदालत ने दो सितंबर को एक अलग मामले में सुनवाई करते हुए किसानों से बातचीत करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया था। किसान अपनी उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर 13 फरवरी से धरना दे रहे हैं।

गर्म कपड़ों की खरीदारी

झांसी में मुफ्ती खालिद नदवी को छुड़ाने के लिए एनआईए टीम पर हमले के आरोप में 111 लोगों के खिलाफ मुकदमा

झांसी, 13 दिसंबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के झांसी में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा पूछताछ के लिए हिरासत में लिये गये एक मुफ्ती को एनआईए टीम पर हमला कर जबरन छुड़ाने के आरोप में शुक्रवार को 11 नामजद और 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। झांसी के अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि एनआईए की एक टीम ने गुरुवार को विदेशी वित्तपोषण के एक मामले में पूछताछ के लिये मुफ्ती खालिद को उसके घर पर छापा मारकर हिरासत में लिया था। इसकी सूचना मिलने पर मोहल्ले के लोगों की भीड़ ने एनआईए की टीम से धक्का-मुक्की की और खालिद को छुड़ाकर अपने साथ ले गयी। उन्होंने बताया कि इस मामले में 11 नामजद और 100 अज्ञात महिला-पुरुषों के खिलाफ एनआईए की टीम पर हथियारों से लैस होकर जानलेवा हमला करने, सरकारी काम में बाधा डालने और हिरासत में लिए गए व्यक्ति को छुड़ाने के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक सिंह ने बताया कि फिलहाल जांच चल रही है। इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

घूसखोरी कांड में एसडीएम निलंबित, पेशकार पर पहले हो चुकी कार्रवाई

सुल्तानपुर, 13 दिसंबर (एजेंसी)। सुल्तानपुर में घूसखोरी के मामले में एसडीएम को निलंबित किया गया है। इससे पहले पेशकार को निलंबित किया जा चुका है। मामला जयसिंहपुर तहसील के एसडीएम न्यायालय का है। यहां तैनात पेशकार समरजीत पाल को दो दिसंबर को एंटी करप्शन टीम ने तहसील परिसर से रंगे हाथ घूस लेते गिरफ्तार किया था। एंटी करप्शन टीम के प्रभारी अनिल सिंह की तहरीर पर गोसाईगंज थाने में पेशकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। अब शासन स्तर से एसडीएम संतोष कुमार ओझा के विरुद्ध शासन स्तर से कार्रवाई हुई है। एसडीएम को शासन स्तर से निलंबित कर दिया गया है। डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना ने बताया कि शासन से निलंबन की कार्रवाई की गई है। जो आरोप लगे हैं, उसकी जांच भी कराई जाएगी।

यूपी सरकार ने दिव्यांग होमगार्डों के आश्रितों की नियुक्ति पर लगी रोक हटाई

लखनऊ, 13 दिसंबर (एजेंसी)। यूपी सरकार ने दिव्यांग होमगार्डों के परिवारों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थायी रूप से दिव्यांग होमगार्डों के आश्रितों की नियुक्ति पर लगी रोक हटा दी है। सरकार के इस निर्णय से उन दिव्यांग हो चुके परिवारों में उम्मीद की किरण जागी है। जो लंबे समय से नियुक्ति के लिए गुहार लगा रहे थे। अपने सेवाकाल में स्थाई रूप से दिव्यांग हो चुके होमगार्डों के आश्रितों की नियुक्ति की प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए सरकार ने एक स्पष्ट और बहुस्तरीय जांच प्रक्रिया का निर्धारण किया है। अब नियुक्ति के लिए जिलास्तर से लेकर डीजी होमगार्ड कार्यालय तक कई चरणों में जांच और सिफारिशें की जाएंगी।

मुरादाबाद के जेल अधीक्षक पीपी सिंह हुए निलंबित

लखनऊ, 13 दिसंबर (एजेंसी)। संभल हिंसा के आरोपियों से सपा नेताओं की मुलाकात कराने के मामले में मुरादाबाद जेल अधीक्षक पीपी सिंह को निलंबित कर दिया गया है। डीआईजी जेल की जांच में उनकी भूमिका संदिग्ध पाई गई है। आरोप है कि जेल में अवैध मुलाकात की जानकारी मिलने के बाद भी वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने अधीनस्थों से पूछताछ नहीं की और न ही उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। मुलाकात करने के बाद सपाइयों ने बयान दिया तो वह सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद शासन तक हड़कंप मच गया था। इस मामले में डीजी जेल के निर्देश पर डीआईजी जेल कुंतल किशोर ने जेल पहुंचकर पूरे मामले की जांच की। जांच में पाया गया कि मुलाकात कराने में जेल नियमों का पालन नहीं किया गया है। जांच में वरिष्ठ जेल अधीक्षक पीपी सिंह, जेलर विक्रम सिंह यादव और डिप्टी जेलर प्रवीण सिंह की लापरवाही सामने आई ।

यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती का शारीरिक परीक्षण 26 से, तो एडमिट कार्ड 16 दिसंबर आएगा

लखनऊ, 13 दिसंबर (एजेंसी)। यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती की लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को अब अभिलेखों की जांच तथा शारीरिक मानक परीक्षण के लिए उपस्थित होना होगा। भर्ती बोर्ड ने शारीरिक परीक्षण की तारीख की घोषणा कर दी है। कांस्टेबल भर्ती लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जांच तथा शारीरिक मानक परीक्षण आगामी 26 दिसंबर से होगा। लिखित परीक्षा में करीब 1,74,316 अभ्यर्थी योग्य घोषित किए गए हैं। अब इन्हें 26 दिसंबर से शुरू होने वाले फिजिकल टेस्ट में शामिल होना होगा। इस प्रक्रिया में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र 16 दिसंबर को बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जाएगा। बोर्ड ने कहा है कि फिजिकल टेस्ट के लिए विस्तृत विज्ञप्ति तथा सूचनाओं के लिए समय-समय पर आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट करते रहें। दस्तावेजों का परीक्षण और शारीरिक मानक परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को जनवरी माह के तीसरे सप्ताह में शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा।

नगरीय निकाय में 55 करोड़ के कार्यों को डीएम ने दी हरी झंडी

- पालिका पथ प्रकाश के कार्यों में की कटौती, शिवचौक होगा फैंसी लाइटों से जगमग
- बुढ़ाना के 1.16 करोड़ के सापेक्ष 84 लाख रुपये के प्रस्ताव पास

मुजफ्फरनगर,13 दिसम्बर (बु.)। जनपद की पांच निकायों में करीब 55 करोड़ की धनराशि से विकास कार्य होंगे। इसके लिए डीएम ने स्वीकृति की मोहर लगा दी है। शहरी क्षेत्र में पालिका के 49 करोड़ रुपए के करीब 112 विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है, जिसमें शिवचौक पर फैंसी लाइट के साथ दो चौराहों का सौंदर्यीकरण मुख्य है। वहीं बुढ़ाना नगर पंचायत में 84 लाख रुपए के 7 प्रस्ताव पास व 1 प्रस्ताव निरस्त हुआ है। डीएम ने पालिका के पथ प्रकाश के प्रस्ताव को रोकते हुए 3.69 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को घटाकर एक करोड़ तक लाने के निर्देश दिए हैं।

विकास भवन सभागार में शुक्रवार को डीएम उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में शासन से प्राप्त 15वें वित्त आयोग की धनराशि से होने वाले विकास कार्यों को लेकर बैठक की गई। इस बैठक में मुजफ्फरनगर नगर पालिका, खतौली नगर पालिका और नगर पंचायत बुढ़ाना, शाहपुर, सिसौली शामली रही। मुजफ्फरनगर नगर पालिका के जलकल, स्वास्थ्य, पथ प्रकाश और निर्माण विभाग के तहत प्रस्तावित 49 करोड़ रुपये के 112 विकास कार्यों के प्रस्ताव पर स्वीकृति की मोहर लगी है। वहीं टाइडग्रांट का पैसा अपशिष्ट प्रबंधन और पेयजलापूर्ति और संसाधन विकसित करने के लिए खर्च किया जाएगा। टाइड ग्रांट में 25.39 करोड़ रुपये के 51 कार्यों के प्रस्तावों में 35 कार्य पेयजल परियोजना और 16 कार्य अपशिष्ट प्रबंधन के लिए किए गए, वहीं पेयजल के 35 कार्यों में से 20 कार्य पालिका के नवीन विस्तारित क्षेत्रों में पास हुए है। अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वाहन संसाधान बढ़ाने का कार्य किया जायेगा, इनमें काम्पेक्टर, ट्रैक्टर ट्राली और अन्य वाहनों की खरीद की जा रही है। वहीं बुढ़ाना नगर पंचायत द्वारा करीब 1.16 करोड़ की धनराशि के 8 विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार किए थे। बैठक में 84 लाख के सात प्रस्ताव पास हुए और एक प्रस्ताव को डीएम द्वारा निरस्त कर दिया गया है। बैठक में पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, चेयरमैन शाहपुर अकरम कुरैशी, चेयरमैन खतौली शाह नवाज लालू, चेयरपर्सन बुढ़ाना उमा त्यागी, एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, ईओ मुजफ्फरनगर डॉ. प्रज्ञा सिंह, एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

इन्होंने कहा–
नगर पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि इस बैठक में अनटाइड ग्रांट के करीब 24.10 करोड़ के 61 कार्य मंजूर हुए हैं, जिनमें 24 सड़कों का निर्माण, 15 नाला निर्माण कार्य, दो स्थानों पर नाला कवर्ड होगा। दो चौराहों, वहलना चौक और अहिल्याबाई चौक का सौन्दर्यीकरण है। टाइड ग्रांट में 25.39 करोड़ रुपये के 51 प्रस्ताव पास हुए है। उन्होंने बताया कि इसमें शहर के मुख्य मार्ग और चौराहों पर डबल आर्म फैंसी पोल लाइट लगाने के लिए पथ प्रकाश विभाग द्वारा 3.69 करोड़ के कार्य शामिल किये गए थे लेकिन डिवाईडर खराब होने के कारण डीएम ने इन प्रस्तावों में कटौती की है। अब यह कार्य एक करोड़ रुपये की लागत से कराये जाने की मंजूरी मिली है। इसके लिए शिव चौक को मुख्य केन्द्र बिन्दु बनाया गया है। यहां से मीनाक्षी चौक, आर्य समाज रोड, महावीर चौक से प्रकाश चौक या शिव चौक से प्रकाश चौक किसी एक मार्ग को चुना जायेगा।

चुभती तेज हवाओं ने बढ़ाया शीत का प्रकोप

मुजफ्फरनगर, 13 दिसंबर (बु.)। दिन भर सनसनाती तेज हवाओं के साथ कहर बरसाते शीत की चुभन भले धूप से कम मारक हो गई हो, लेकिन 13 से 24 किमी तक गति वाली हवाओं ने पूरा दिन जन जीवन को अपनी गिरफ्त में लिए रखा। इसके चलते बीती रात तापमान 6.2 के न्यूनतम स्तर पर आ गया। हालांकि दिन में तापमान थोड़ा सुधर कर 22.6 डिग्री पर आ गया। पाला गिरने के कारण रातें कहर ढा रही हैं। बर्फ की तरह पाले की परत खेतों में जमी नजर आ रही है।

नगर में बीती रात तापमान ने इस सीजन का नया रिकॉर्ड बनाया तो आज दिन भर चली तेज ठंडी हवाओं ने जनजीवन को बुरी तरह जकड़े रखा। ऐसे में आज तापमान अधिकतम 22.6 और न्यूनतम 6.2 डिग्री पर रहा। ठंड का प्रकोप बढ़ने के साथ अब पूरा दिन जहां कंपा रहा है, वहीं रात में ठिठुरन नए रिकॉर्ड बनाने पर तुली है। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी व उत्तर-पश्चिम हवा चलने से मैदानी इलाकों में ठंड का प्रकोप बढ़ रहा है। रात में ठिठुरन बढ़ रही है और दिन में धूप ठंड से राहत दे रही है। शनिवार से शीतलहर का प्रकोप और बढ़ने की संभावना है, जिससे रात का तापमान और गिरेगा। दिन में तापमान अभी स्थिर बना रहेगा। दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह में पहाड़ों पर बर्फबारी का असर साफ नजर आ रहा है। चली उत्तर पश्चिम हवा ने मैदानी इलाकों में ठंड को बढ़ा दिया। हालांकि हवाओं के चलते कोहरा तो गायब है, इसके स्थान पर सूखा पाला पड़ रहा है। ऐसे में जंगलों में सुबह के समय पाला सफेद बर्फ की परत जैसा जमा नजर आ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अभी शीतलहर का प्रकोप बढ़ने से रात में पारा गिरेगा और पाला पड़ने की संभावना भी है। तापमान कम होने का कारण हिमाचल प्रदेश में शुरू हुई बर्फबारी है। बता दें, इस सीजन में हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी ने पिछले 12 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। शिमला, मनाली और आसपास के इलाकों में 08 दिसंबर को अच्छी बर्फबारी हुई थी, जो इस क्षेत्रों में काफी पहले हो गई थी। इस बर्फबारी के बाद दिल्ली समेत उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में तापमान गिर गया। पंजाब और हरियाणा के कुछ स्थानों पर अभी भी पांच डिग्री से कम तापमान बना हुआ है। उत्तर भारत के पहाड़ों से पश्चिमी विक्षोभ गुजर चुका है। इन मौसम प्रणालियों के गुजरने के बाद आमतौर पर मैदानी इलाकों, खासकर दिल्ली व एनसीआर में रात के तापमान में गिरावट होती है। हालांकि, उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्रों में एक हल्का चक्रवातीय प्रभाव बना हुआ है। साथ ही मौसमी एंटीसाइक्लोन थोड़ा पूर्व की ओर खिसक रहा है। इस वजह से दिल्ली में अगले 3-4 दिनों तक तापमान बहुत नीचे गिरने की संभावना नहीं है।

ठंड के मारक होते ही सज गए गर्म कपड़ों के बाजार

मुजफ्फरनगर। दिसंबर के पहले सप्ताह तक गर्म कपड़ों के व्यापारी खरीदारों का इंतजार कर रहे थे। शीत प्रकोप बढ़ने के बाद अब बाजार में गर्म कपड़ों के खरीदार उमड़ रहे हैं। तिब्बत बाजार में जहां जमकर खरीदार पहुंच रहे हैं, वहीं शहर में भगत सिंह रोड, शामली रोड, ांसी रानी, कोर्ट रोड, टाउन हाल रोड के अलावा नई मंडी और गांधी कॉलोनी की दुकानों पर गर्म कपड़ों के खरीदार जमकर खरीदारी कर रहे हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक तमाम लोगों के लिए हर रेंज के गर्म कपड़े बाजार में उपलब्ध हैं। गर्म जरकीन, कार्डीगन, शॉल समेत तमाम कपड़ों की जबरदस्त मांग के चलते दिसंबर के पहले हफ्ते तक छाई मंदी का असर टूट गया है।

पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती हेतु एसएसपी ने किया निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर (बु.)। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी सीधी भर्ती में अभिलेखों की संविक्षा तथा शारीरिक मानक परीक्षण के लिए रिजर्व पुलिस लाइन में बनाये गये स्थल का एसएसपी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की 23-24, 25-30 व 31 अगस्त 2024 को सम्पन्न लिखित परीक्षा में अभिलेखों की संवीक्षा तथा शारीरिक मानक परीक्षण हेतु अर्ह पाए गए अभ्यार्थियों की संवीक्षा व शारीरिक मानक परीक्षक 26 दिसंबर से आरम्भ की जाएगी। एडमिट कार्ड 16 दिसंबर से यूपीपीआरपीबी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे। जनपद में अभिलेखों की संवीक्षा तथा शारीरिक मानक परीक्षण रिजर्व पुलिस लाइन में होगा। एसएसपी अभिषेक सिंह ने शुक्रवार को अभिलेखों की संवीक्षा तथा शारीरिक मानक परीक्षण के लिए रिजर्व पुलिस लाइन में बनाये गये स्थल का निरीक्षण करते हुए तैयारियों की समीक्षा की। नोडल अधिकारी एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे को भर्ती प्रक्रिया से सम्बन्धित सभी कार्यो को समय से पूर्ण करने, शारीरिक मानक परीक्षण हेतु सभी उपकरणों को दुरुस्त रखने, अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो यह सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गैंगस्टर के मामले में एक आरोपी को दो साल की सजा, पांच हजार जुर्माना

मुजफ्फरनगर, 13 दिसम्बर (बु.)। तीस वर्ष पुराने हत्या के एक मुकदमे में लगे गैंगस्टर एक्ट के मामले में कोर्ट ने एक आरोपी को दो साल की सजा व पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। एडीजीसी दिनेश पुंडीर ने बताया कि चरथावल के गांव मथुरा निवासी शेरदीन ने वर्ष 1994 में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसने गांव के फारूख के चाचा की जमीन बंटाई पर ले रखी थी। 31 मार्च 1994 को गांव के ही फारूख व गुड्डू ने उसके पिता से गाली गलौच व मारपीट करते हुए उनकी हत्या कर दी थी। उक्त मामले में दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है। जिसके बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की थी। मुकदमा चलते चलते फारूख की मौत हो गई। इस मामले की सुनवाई गैंगस्टर एक्ट के न्यायाधीश काशिफ शेख की कोर्ट में हुई, कोर्ट ने अकेले बचे आरोपी गुड्डू को दो साल की सजा और पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

मथुरा में दर्जनों गायों के शवों के अवशेष मिलने पर जाम, लाठीचार्ज

मथुरा, 13 दिसंबर (एजेंसी)। धर्म क्षेत्र के जंगलों में दर्जनों मृत गाय के अवशेष मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे गौ भक्तों ने मथुरा वृन्दावन मार्ग के दोनों ओर मृत गायों के अवशेष रखकर रोड को बिल्कुल जाम कर दिया। सड़क पर बैठे गौ भक्तों ने गौशाला संचालकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर उन्हें खदेड़ा। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया। गौ भक्तों ने आरोप लगाया कि गौशाला संचालक मृत गायों के अवशेषों को भूमि में दबाने की बजाये यहां जंगल में फिंकवा देते हैं। जिसके चलते मृत गायों की दुर्दशा हो रही है। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने जब मृत गायों की स्थिति को देखा तो उनसे आने वाली गंध के कारण उन्हें नाक पर रुमाल रखना पड़ा। आक्रोशित गौ भक्त सुबह 10 बजे से थाना जैंत की नयति पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित मथुरा वृन्दावन रोड पर जाम लगाकर बैठ गए। अधिकारियों के लाख समझाने के बाबजूद भी दोपहर के तीन बजे तक वे लोग अपनी मांगों पर अड़े रहे और जाम लगाये रहे। गौ भक्त दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। गौ भक्तों द्वारा रोड ब्लॉक करने के कारण मार्ग के दोनों ओर सैकड़ों वाहनों की लम्बी कतारें लग गईं। यात्री मथुरा से वृन्दावन और वृन्दावन से मथुरा जाने के लिए विवश दिखाई दिए। काफी समय बाद अधिकारियों ने वृन्दावन के पशु चिकित्सा अधिकारी को मौके पर बुलाया। डॉक्टर राकेश तिवारी मृत गायों के टैग एकत्र कर पता लगाने की कोशिश में लग गए कि आखिर यह मृत गाय किस गौशाला की हैं। अधिकारियों ने मृत गायों को भूमि में दबाने के लिए मौके पर नगर निगम से दो जेसीबी मशीन और नमक भी मंगवा लिया। लेकिन गौ भक्तों ने उन्हें जंगल में प्रवेश ही नहीं करने दिया। वे लोग जेसीबी के आगे झुंड बनाकर खड़े हो गये। तीन बजे तक अधिकारियों के अनुरोध के बाबजूद भी जब गौ भक्त रोड खोलने के लिए नहीं माने। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह और पुलिस कमांडर शैलेश कुमार पांडेय भी मौके पर आ गये। लेकिन गौ भक्तों की भीड़ में घुसे कुछ उपद्रवी युवक किसी भी बात पर रोड खोलने को तैयार नहीं हुए। अन्य लोगों को भड़काने का प्रयास करने लगे। अब पुलिस के सामने सिवाय लाठी चार्ज के कोई विकल्प नहीं बचा। तब जाकर आलाधिकारियों के निर्देश पर रोड ब्लॉक कर रहे युवकों को पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ना शुरू किया। रोड खुलने के बाद करीब पांच घंटे से परेशान यात्रियों ने राहत की सांस ली।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 10 जनवरी को कोर्ट ने किया तलब

लखनऊ, 13 दिसंबर (एजेंसी)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान हेट स्पीच देने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को तलब किया है। उन्हें 10 जनवरी को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया गया है। दाखिल की गई याचिका में याची ने उन पर हेट स्पीच देने का आरोप लगाया है। जिस पर कोर्ट ने राहुल गांधी को तलब किया है।

'पुष्पा 2' के अल्लू अर्जुन को मिली जमानत, केस वापस लेगा पीड़ित परिवार

हैदराबाद, 13 दिसंबर (एजेंसी)। 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ में हुई महिला की मौत के मामले में शुक्रवार दोपहर तेलंगाना पुलिस ने अल्लू अर्जुन को उनके घर से गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें निचली कोर्ट में पेश किया गया जहां उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। हालांकि, देर शाम उन्हें इस मामले में हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। भगदड़ से मौत मामले में अल्लू अर्जुन को हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई है। हाईकोर्ट ने 'पुष्पा 2' स्टार को चार हफ्ते की अंतरिम जमानत दी है। अदालत ने अभिनेता को अंतरिम जमानत देते हुए जांच में अधिकारियों के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया। संध्या थिएटर में फिल्म के प्रीमियर के दौरान हुई भगदड़ के सिलसिले में पुष्पा 2 के सह-कलाकार अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी पर रश्मिका मंदाना ने प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसके परिणामस्वरूप एक महिला की मौत हो गई। उन्होंने पूरे मामले में सिर्फ एक शख्स को जिम्मेदार ठहराए जाने पर दुख जाहिर किया है। तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने एक कार्यक्रम में अल्लू अर्जुन मामले पर बयान दिया है।

अभिनेता मुश्ताक खान ने खतौली में जन सेवा केंद्र पर निकाले पच्चीस हजार रुपये

बिजनौर, 13 दिसंबर (एजेंसी)। अभिनेता मुश्ताक खान के अपहरण की वारदात को अंजाम देने के बाद मुख्य आरोपी लवी पाल ने खतौली के जनसेवा केंद्र से 25 हजार रुपये निकाले। इसके बाद मेरठ में 15 हजार रुपये कीमत वाली एक घड़ी खरीदी। जनसेवा केंद्र की सीसीटीवी फुटेज में आरोपी साफ नजर आ रहा है। 20 नवंबर को अभिनेता मुश्ताक खान को अपहरण करके आरोपी बिजनौर लाए थे। उस रात 11:20 बजे के बाद मुश्ताक खान के मोबाइल की लोकेशन बिजनौर में मिली है, जो अपहरण कांड की सच्चाई को पुख्ता कर रही है। 21 नवंबर की सुबह किसी तरह से मुश्ताक खान आरोपियों के चंगुल से निकल भागे थे। आरोपियों ने मुश्ताक खान का मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया और पासवर्ड पूछ लिया था। इसके बाद 22 नवंबर को आरोपी मुजफ्फरनगर के खतौली पहुंच गए। यहां एक जनसेवा केंद्र से 25 हजार रुपये निकाले। बदले में जनसेवा केंद्र संचालक को 25 सौ रुपये अदा किए। यह फुटेज पुलिस ने हासिल कर ली है। इसके साथ ही आरोपियों ने मेरठ से एक घड़ी खरीदी। खरीदारी और नकदी समेत करीब दो लाख रुपये मुश्ताक के मोबाइल से निकाले गए। इस घटना के बाद आरोपियों ने इसी अंदाज में हास्य कलाकार सुनील पाल का भी अपहरण किया। हालांकि सुनील पाल के अपहरण मामले की जांच मेरठ पुलिस कर रही है। मेरठ पुलिस ने कांड में शामिल आरोपी अर्जुन कर्णवाल को गिरफ्तार कर लिया है जबकि मुश्ताक खान का मामला बिजनौर में दर्ज है। ऐसे में बिजनौर पुलिस भी आरोपियों की तलाश में लगी है। इस गिरोह में करीब नौ आरोपी शामिल हैं।

महाकुंभ एकता का महायज्ञ है, इसमें हर भेदभाव की दी जाती आहुति: मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने महाकुंभ की सफलता के लिए कुंभ कलश का पूजन किया

प्रयागराज, 13 दिसंबर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम के रूप में महाकुंभ की सफलता के लिए कुंभ कलश का पूजन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने महाकुंभ 2025 के लिए विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया। पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ एकता का महाकुंभ है जो दुनिया को संदेश देगा। महाकुंभ हजारों वर्ष पहले से चली आ रही हमारे देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक यात्रा का पुण्य और जीवंत प्रतीक है। यह एक ऐसा आयोजन है जहां हर बार धर्म, ज्ञान, भक्ति और कला का दिव्य समागम होता है।

प्रयागराज महाकुंभ के आयोजन से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को त्रिवेणी संगम में पूजा अर्चना कर 13 जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ के सफल आयोजन की कामना की। इस दौरान पीएम मोदी ने कुंभ कलश का भी कुंभाभिषेक किया। यह कुंभ कलश रत्नजड़ित है और अष्टधातु का बना हुआ है। इस अष्टधातु से निर्मित इस कुंभ कलश को अमृत रूपी कलश बनाने के लिए इसमें आम का पत्ता और नारियल भी रखा है। इसके साथ ही इसमें गऊशाला, तीर्थस्थलों की मिट्टी रखी गई। इसमें गंगाजल,

पंचरत्न, दुर्वा, सुपारी, हल्दी रखी भी रखी गई। पीएम के पास इस कुंभ कलश को भेजा जा रहा है। पीएम मोदी ने संगम को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि यहां दिन रात काम कर रहे कर्मचारियों और सफाई कर्मियों का अभिनंदन करता हूं। विश्व का इतना बड़ा आयोजन, हर रोज लाखों श्रद्धालुओं के स्वागत और सेवा की तैयारी और लगातार 45 दिनों तक चलने वाला महाकुंभ नया इतिहास रच रहा है। पीएम मोदी बोले कि यहां आकर संत-महंत, ऋषि-मुनि, ज्ञानी-विद्वान, सामान्य मानवी सब एक हो जाते हैं, सब एक साथ त्रिवेणी में डुबकी लगाते हैं। यहां जातियों का भेद खत्म हो जाता है, सम्प्रदायों का टकराव मिट जाता है। करोड़ों लोग एक ध्येय, एक विचार से जुड़ जाते हैं। कुंभ जैसे भव्य और दिव्य आयोजन को सफल बनाने में स्वच्छता की बहुत बड़ी भूमिका है। महाकुंभ की तैयारियों के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ाया गया है, प्रयागराज शहर के सैनिटेशन और वेस्ट मैनेजमेंट पर फोकस किया गया है। लोगों को जागरूक करने के लिए गंगादूत, गंगा प्रहरी और गंगा मित्रों की नियुक्ति की गई है। इस बार 15 हजार से ज्यादा मेरे सफाईकर्मी भाई-बहन कुंभ की स्वच्छता को संभालने वाले हैं। मैं आज कुंभ की तैयारी में जुटे अपने सफाईकर्मी भाई-बहनों का अग्रिम आभार भी व्यक्त करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि किसी बाहरी व्यवस्था के बजाय कुंभ, मनुष्य के अंतर्मन की चेतना का नाम है। ये चेतना स्वतः जागृत होती है। यही चेतना भारत के कोने-कोने से लोगों को संगम के तट तक खींच लाती है। इसलिए मैं फिर एक बार कहता हूं कि ये महाकुंभ, एकता का महायज्ञ है। जिसमें हर तर